हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 सितंबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 करणी सेना परिवार की मंडल स्तरीय बैठक हुई ...



07 मजदूर की हत्या के आरोपी को दबोचा, मुठभेड़ में ...



## खबर संक्षेप में

### निष्ठा सिंह का आकस्मिक निधन



**कानड़।** पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आगर, संकुल प्रचार्य कानड़ ठाकुर वीरेन्द्र सिंह की छोटी बेटी निष्ठा सिंह बिट्टू का आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास आगर रोड से सारंगपुर रोड मुक्ति धाम के लिए निकली। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों के अलावा जनप्रतिनिधि, व्यपारी, पत्रकार, शिक्षा विभाग के लोग शामिल हुए। निष्ठा इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। निष्ठा सिंह पढ़ाई में होनहार थी। रविवार सुबह निष्ठा के आकस्मिक निधन की खबर लोगों को लगते ही नगर में शोक की लहर छा गई।

### तीन दिवसीय जागृति गरबा महोत्सव का 26 सितंबर से शुभांरभ

**सीहोर।** नगर के कृष्णा सेलिब्रेशन में तीन दिवसीय जागृति गरबा महोत्सव का शुभांरभ, यहां पर यह आयोजन 26 से 28 सितंबर तक होगा। विगत 10 सितंबर से गरबा प्रशिक्षण युवतियों को दिया जा रहा है। जिसमें युवतियां बढ चढ कर हिस्सा ले रही हैं। इस बार महोत्सव में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता होंगी एवं सुप्रसिद्ध घूमर नृत्य देखने को मिलेगा। गरबे के मुख्य अतिथियों नपा अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, गौरव सन्नी महाजन, पंकज गुप्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी होंगे। जाग्रति गरबा महोत्सव का आयोजन जाग्रति लोधी द्वारा किया जा रहा है। इन्होने नगर में विगत 4 वर्षों से गरबा महोत्सव को उच्च एवं प्रशंसनीय स्थान पर पहुंचाया है। इन्होने 31 अगस्त 2025 को भी ग्वालियर में शक्तिमान टीवी शो की गीता विश्वास की एक्टर्स वैष्णवी मैकडॉनल्ड मुख्य अतिथि द्वारा महिला सम्मान का भी आयोजन किया था। जाग्रति लोधी ने बताया कि यह आयोजन विगत वर्षों से गरबा महोत्सव का आयोजन महिलाओं और युवतियों के लिए महाशक्ति की उपासना का स्थान प्राप्त कर चुका है। जाग्रति गरबा महोत्सव में कोडियोग्राफर नवीन चौधरी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस महोत्सव में महिला सम्मान एवं कुटीर उद्योग करने वाली महिलाओं को भी सम्मान मिलेगा और स्टॉल भी लगाये जायेंगे। संयोजक मनोज लोधी ने बताया कि पिछले वर्ष भी गरबा महोत्सव में 600 महिलाओं एवं युवतियों ने भाग लेकर मप्र में हो रहे गरबा महोत्सव में प्रशंसनीय स्थान प्राप्त किया। गरबा में बॉलीवुड एक्टर्स कनिका तिवारी गरबे का मुख्य आकर्षण रहेंगी और उन्होंने महिलाओं और नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### आधुनिकता की चकाचौंध में विलुप्त होती जा रही है लोक संस्कृति

# संजा तू थारा घर जा, थारी मां मारेगी ए कुटेगी की गूंज अब नहीं सुनाई देती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आधुनिकता की चकाचौंध में भारतीय लोक कला एवं संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्तता की ओर जा रही है। अनंतचतुर्थी के अगले दिन भाद्र मास की पूर्णिमा से शुरू होकर अश्विन मास की सर्वपितृ अमावस्या तक मनाया जाने वाला लोक संस्कृति के सबसे बड़े संजा पर्व के प्रति अब बालिका एवं युवतियों की रुचि कम होती जा रही है। यही कारण है कि नगर सहित क्षेत्र में संजा पर्व में ढ़लती शाम में गली मोहल्लों में गूंजने वाले लोकगीत संजा तू थारा घर जा, थारी मां मारेगी ए कुटेगी की गूंज अब नहीं सुनाई देती। लोक संस्कृति के इस पर्व को बचाए रखने के लिए शासन स्तर से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाना चाहिए।

सोलह दिवसीय संजा पर्व की शुरुआत अनंतचतुर्थी के अगले दिन से होती है। यह पर्व भाद्र मास की पूर्णिमा से शुरू होकर अश्विन मास की सर्वपितृ अमावस्या तक मनाया जाता है। यह पर्व कन्याएं माता पार्वती से अच्छे वर व पूर्वजों से आशीर्वाद प्राप्त करने की अभिलाषा में मनाती है। भारतीय संस्कृति से जुड़े इस त्यौहार को संपूर्ण



श्राद्धपक्ष में कुंवारी कन्याएं अच्छे व सुयोग्य वर की कामना को लेकर अमावस्या तक मनाती है। पर्व के इन दिनो में नगर की गलियों में संजा के मधुर गीत गुंजते हैं। इसमें कन्याओ द्वारा अपने घर की दीवारों पर गोबर से आकर्षक संजा बनाई जाती हैं।

श्राद्धपक्ष के पहले दिन से कुंवारी कन्याए अलग-अलग आकृतियां गोबर से दिवारों पर बनाती है। प्रतिदिन आकृति बनाये जाते समय पुरानी आकृति को दोहराया नही जाता है। संजा पर्व के चलते घर की दीवार पर गौबर से भगवान गणेश, माता पार्वती, सप्तऋषि तारा मंडल, मोर-मोरनी, ढोल-नगाड़े, चांद-सुरज व फूल पत्तियों की आकर्षक आकृतिया कन्याओं द्वारा बनाई जाती हैं। आकर्षक रूप देने के लिए रंग बिरंगी पन्नियां व कागज से इन आकृतियों को सजाया जाता है। संजा पर्व को लेकर कन्याओं में अपूर्व उत्साह रहता है। पूरे दिन संजा बनाने के बाद शाम को मोहल्लो की सभी कुंवारी कन्याएं एकसाथ एकत्रित होकर पूजन कर संजा गीत गाती हैं और अंत में प्रसाद वितरण किया जाता था।

इस पर्व के दौरान पूरे 16 दिनों तक शाम के समय कन्या घर-घर जाकर संजा के गीत गाकर आरती कर संजा माता की आराधना करती हैं। संजा तू थारा घरे जा ए थारी मां मारेगी, कुटेगी, काजल टिकी लो भाई काजल टीकी लो ए काजल टीकी लई ने महारी संजा बाई के दो आदि गीत संजा पर्व के दौरान कन्याओं द्वारा सामूहिक रूप से गाकर आराधना की जाती थी। लोक संस्कृति की सुगंध बिखरता संजा पर्व नगर व ग्रामीण अंचलो में पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाता था। लेकिन आधुनिकता की चकाचौंध एवं संचार साधनों के चलते भारतीय संस्कृति का यह अनूठा पर्व अब विलुप्ता की कगार पर है। नगर में गिने चुने स्थानो पर ही बालिका एवं कुंवारी कन्याओं द्वारा संजा पर्व मनाया जा रहा है। लोक संस्कृति के इस पर्व को बचाए रखने के लिए शासन स्तर से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाना चाहिए ताकि इस पर्व के प्रति बालिकाओं एवं युवतियों की रुचि बरकरार रह सके।

### कलेक्टर ने तय की बैठक में रूपरेखा

# सेवा पखवाड़े के सफल आयोजन की समय सीमा में तैयारी सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सभी अधिकारी 17 सितंबर से प्रारंभ हो रहे सेवा पखवाड़े के जिले में सफल आयोजन की तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सेवा पखवाड़े के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए इस संदर्भ में कलेक्टर द्वारा जिले में सेवा पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए रूपरेखा तय की।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राज्य शासनद्वारा जारी निर्देश अनुसार सेवा पखवाड़े में विभाग वार ग़तिविधियां आयोजित की जाएगी इसके लिए प्रत्येक विभाग नियोजित ढंग से अपनी कार्य योजना बनाए समय सीमा में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए बताया गया की सेवा पखवाड़ा के दौरान जिले में भी मिनी मैराथन आयोजित की जाएगी स्कूल शिक्षा विभाग विभिन्न गतिविधियां आयोजित करेगा इनमें चित्रकला प्रतियोगिता निबंध दौड़ प्रतियोगिता आदि सम्मिलित है। कलेक्टर ने प्रत्येक दिवस के लिए पृथक गतिविधियों के आयोजन की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभाग को निर्देशित किया। विषय वार गतिविधियों पर फोकस करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में अपर कलेक्टर तथा ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला पंचायत नोडल अधिकारी रहेंगे विभाग अपने लिए निर्धारित गतिविधियो का निचले स्तर पर प्रसार करें आयोजनो का सघन प्रचार प्रसार किया जाएगा शिव पखवाड़ा की आयोजन में स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग की प्रमुख भूमिका रहेगी।

कलेक्टर ने समस्त आयोजनों में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय सीमा में संबंधित जनप्रतिनिधियों को सूचित कर लिया जाए आमंत्रित कर लिया जाए बताया गया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का जिले में भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा 17 सितंबर को आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर की तैयारी की भी समीक्षा की गई। शिविर आयोजनों के लिए कर्मचारियों की तैनाती तथा अन्य व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी नियोजित ढंग से आयोजित करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।




# गरबा महोत्सव को लेकर तैयारी शुरू

## गरबे की धुन पर युवतियां कर रही रिहर्सल



**कानड़।** शारदीय नवरात्रि को लेकर भक्तों में काफी उत्साह रहता है। वहीं नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव को लेकर नगर की बालिकाएं अभी से उत्साहित हैं और गरबा महोत्सव में शामिल होने वाली प्रतिभागियों की मां बिजासन महिला भक्त मंडल द्वारा नगर के माता मंदिर परिसर में गरबा नृत्य की तैयारी शुरू कर दी गई है। नवयुवतियों एवं बच्चियों को रिहर्सल करवाई जा रही है। गरबा महोत्सव को लेकर विजयलक्ष्मी, निलम शर्मा, आरती गुर्जर, आस्था राठौर, मधुबाला परिहार नीलू राठोर, प्रज्ञा चतुर्वेदी, रोशनी माली आदि गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दे रही हैं।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केंद्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

# तीन युवकों ने चाकू मारकर की हत्या





**बुधनी।** शुक्रवार शाम रेहटी रोड पर फ्लाईओवर के सर्विस रोड के पास तीन आरोपियों ने नर्मदापुरम निवासी एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया शनिवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम लगभग 6:30 बजे पीयूष कुशवाहा नामक युवक को तीन आरोपियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया बताया जाता है की पिछले दिनों उनकी आपस में प्रेम प्रसंग को लेकर कहा सुनी हो गई थी इसी विवाद को खत्म करने के लिए आरोपियों ने शुक्रवार शाम मृतक पीयूष कुशवाहा को घटनास्थल पर बुलाया था उसके साथ पोहप सिंह और राहुल ठाकुर भी आए थे यह सभी घटनास्थल पर अलग-अलग मोटर साइकिलों से पहुंचे थे बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली गलौच हो गई इस पर जितेंद्र कुशवाहा ने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर पीयूष कुशवाहा पर चाकू से हमला कर दिया घायल युवक को आनन फानन में नर्मदापुरम ले जाया गया घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1),296,115 (2),3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया और मौके पर पाए गए साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने हमला करने वाले तीनों आरोपियों जिन में जितेंद्र कुशवाहा, अनिल कुशवाहा नर्मदापुरम और दिनेश बेले निवासी प्रभात पट्टन बैतूल को हिरासत में ले लिया तीनों आरोपी बुधनी स्थित निजी कंपनी में कार्यरत थे और आरोपी माना स्थित गुरुआ बाबा कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं उधर घायल पीयूष कुशवाहा की नर्मदा पुरम स्थित नर्मदा अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई पुलिस द्वारा जांच के बाद धाराओं में इजाफा किया जाएगा।

### कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल रूप से चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराये और दुर्धटना में अगर व्यक्ति मृत हो जाता है तो उनके परिजनों का तत्काल रूप से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. ने सभी एसडीएम एवं एसडीओ पुलिस तथा तहसीलदार और थाना प्रभारियों को इस आशय के निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने कहा है कि दुर्धटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल निकटतम चिकित्सा सेवा केन्द्र में चिकितसा सहायता उपलब्ध कराये ताकि व्यक्ति को बचाया जा सकें। दुर्घटना में अगर व्यक्ति मृत हो जाता है तो मानवीय आधार पर उनके परिजनों को शासन की और से तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### स्मार्ट फिश पार्लर योजना में निकायों की लापरवाही

# 5 को मिली 25 लाख की राशि, 6 महीने बाद भी नहीं बना पार्लर



**सीहोर।** नगर में स्वच्छ वातावरण में मछली विक्रय और मछुआरों की आय बढ़ाने के लिए स्मार्ट फिश पार्लर योजना शुरू की गई। मत्स्य विभाग ने पांच निकायों को इस योजना के तहत राशि दी है। नगरपालिका सीहोर, आष्टा, नगर पंचायत कोठरी, जावर और बुधनी को प्रत्येक को 5-5 लाख रुपए की राशि मार्च 2025 में दी गई। लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी एक भी फिश पार्लर का निर्माण नहीं हुआ है। निकाय पार्लर के लिए जगह तक नहीं खोज पा रहे हैं।

वर्तमान में मछली बाजारों में खुले में मछलियों का विक्रय जारी है। इससे आस-पास के लोग गंदगी और दुर्गंध से परेशान हैं। योजना के तहत अलग स्थानों पर कांच की दुकानें बनाई जानी हैं।

#### कुछ निकायों में जगह का भी है हुआ चयन

मत्स्य विभाग ने निर्माण को लेकर कई बार पत्राचार किया है। लेकिन निकाय न तो जवाब दे रहे हैं और न ही दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उप संचालक मत्स्योद्योग विभाग सीहोर, प्रशांत हर्ष के अनुसार एक-दो जगह काम शुरू हुआ है। कुछ निकायों ने तो अभी तक स्थान का चयन भी नहीं किया है।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन

# दुनिया हमारे से नहीं चल रही है, सब अपने-अपने पुण्य से हो रहा है : मुनि विवर्धन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मानव का सौभाग्य, लावण्यता इंद्रधनुष के समान क्षणिक है। जिसने अनित्य भावना को समझ लिया उसका कल्याण हो जाएगा। हम तिजोरी भरने के लिए लगे हैं। लेकिन इस सारे वैभव को छोड़कर एक दिन हमें जाना है। दुनिया हमारे से नहीं चल रही है। सब अपने-अपने पुण्य से हो रहा है। मानव जीवन अनित्य है, इसीलिए समय के पहले जागृत हो जाना चाहिए। जो समझ जाएगा वह महावीर बन जाएगा।

दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज द्वारा रविवार को अपने प्रवचन के दौरान यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि संसार में कुछ भी शाश्वत नहीं है, जैसे बादलों में बिजली की चमक क्षणिक है, वैसे ही मानव जीवन भी क्षणिक है। चेहरे की लावण्यता क्षणिक है। जिसने इस संसार के कैद को समझ लिया वहां भवसागर को पार कर सकेगा। हमें संसार के सुख वैभव को छोड़ने में परेशानी आती है।



अगर हम संसार नहीं छोड़ते हैं तो मरने के बाद लोग हमें शमशान तक अपने कंधों पर छोड़ने जाते हैं। उन्होंने कहाकि भक्त के वश में भगवान होते हैं। आत्मलीनता होने पर संसारी प्राणियों को मुंह छोड़ना पड़ता है मानव का सौभाग्य, लावण्यता इंद्रधनुष के समान क्षणिक है। जिसने अनित्य भावना को समझ लिया उसका कल्याण हो जाएगा। मुनिश्री ने कहाकि इंद्रधनुष के समान सभी पदार्थ अनित्य हैं, जैसे इंद्रधनुष दिखाई देता है, वहीं क्षण भर में गायब हो जाता है। वैसे ही हमारी आयु भी कभी भी विलीन हो सकती है। जैसे बच्चा पानी का बुलबुला देखकर आनंदित होता है। वह बुलबुला क्षण भर में ही विलीन हो जाता है। वैसे ही हमारा जीवन भी क्षणभंगुर है। उन्होंने कहाकि नारायण श्री कृष्ण ने तीन खंड का राज्य पाकर भी नेमिनाथ जी की दिव्य देशना से प्रभावित होकर मोक्ष मार्ग पर लग जाते हैं। जंगल में श्री कृष्ण को पानी की प्यास लगती है बलदेव पानी की व्यवस्था के लिए जंगल में वन में भटकते हैं। जो कृष्ण राजमहल में सोने के पात्र में जल पीते थे, उनको पानी की एक बूंद के लिए वन में भटकना पड़ता है। जीवन की क्षण भंगुरता को जो समझ जाता है वह मोक्ष मार्ग पर लग जाता है। बलदेव द्वारा जंगल में पानी लाने पर वह बूंद-बूंद करके रास्ते में ही टपक जाता है।

मुनिश्री ने बताया कि श्री कृष्ण पानी के लिए इंतजार कर रहे थे उसी समय उनके चरण में जो रत्न था वह चमक रहा था उस रत्न को शिकारी हिरण की आंख समझकर तीर चला देता है। श्री कृष्ण देह त्याग देते हैं। बलदेव श्री कृष्ण के शरीर को कंधे पर लेकर वन में घूमते हैं। इस प्रकार नारायण श्री कृष्ण के मृत शरीर से बलदेव राग करते हैं। देवों के समझाने पर बलदेव श्री कृष्ण की मृत्यु को स्वीकार करते हैं। उन्होंने बताया कि हम संसारी मानव भी धन को संग्रह करने में लगे हैं। अगर पुण्य है तो धन इकट्ठा क्यों। श्री कृष्ण जैसे नारायण को भी बलदेव जैसे महायोद्धा मृत्यु से नहीं बचा सके तो हम सामान्य मानव का क्या होगा।

## खबर संक्षेप

### कल होगा संगठन का धरना-प्रदर्शन

**बागली।** संयुक्त कृषक संगठन जिला देवास के तत्वाधान में इंदौर हरदा रेलवे लाइन व इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग में किसानों की जो भूमि अधिग्रहित की गई है उस भूमि की सरकार ने नाम मात्र की मुआवजा राशि दी है। संगठन के शांतिलाल पाटीदार ने बताया कि इस वर्ष सोयाबीन की फसल पीले मोजैक रोग से पूर्णतया खराब हो चुकी है। इस विषय को लेकर 16 सितंबर मंगलवार को बागली अनाज मंडी में एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी को मांग पत्र सौंप कर किसानों की अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा बाजार मूल्य से देने, पीले मोजक से खराब हुई सोयाबीन फसल का सर्वे करवाकर राहत राशि व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्लेम देने की मांग की जाएगी।

### मजदूर ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**देवास।** बिहारीगंज मोहल्ले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 60 वर्षीय सिद्धू सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर परिजन तुरंत उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार और मोहल्ले में मातम का माहौल है।सिद्धू सिंह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके दो बेटे थे, लेकिन एक की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। अब परिवार में केवल एक ही बेटा बचा है। परिजनों ने बताया कि सिद्धू रोज की तरह घर पर थे, लेकिन उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण किसी को पता नहीं है। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक का भतीजा राकेश भी मांगलिया से देवास जिला अस्पताल पहुंचा। रविवार को जिला अस्पताल में सिद्धू सिंह का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी।

न्यायालय परिसर टोंकखुर्द में आयोजित हुई नेशनल लोक अदालत

# नेशनल लोक अदालत मामलों के त्वरित निपटारे का अच्छा माध्यम है: न्यायाधीश

### न्यायालय की दोनो खंड पीठों में 53 और नगर परिषद के 22, बैंकों के 17 प्रकरण साहित कुल 92 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोंकखुर्द



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शनिवार को न्यायालय परिसर टोंक खुर्द में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के प्रारंभ में न्यायाधीश आयुषी गुप्ता उपाध्याय व आयुषी श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित पक्षकारों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा कि नेशनल लोक अदालत मामलों के त्वरित निपटारे का सबसे अच्छा माध्यम है। उन्होंने बताया कि इससे समय, श्रम और धन की बचत होती है। साथ ही समझौते के आधार पर मामलों के निपटारे से पक्षकारों और समाज में आपसी सौहार्द्र बना रहता है। न्यायाधीश आयुषी गुप्ता उपाध्याय की खंडपीठ में आपराधिक 23, चेक बाउंस 1,दीवानी 1,विविध 4 कुल - 29 प्रकरणों का निराकरण हुआ और एक लाख रु की राशि संबंधित पक्षकारों को प्राप्त हुई। वहीं न्यायाधीश आयुषी श्रीवास्तव की खंडपीठ में आपराधिक 11, चेक बाउंस 4, विविध 9, कुल - 24 प्रकरणों का निराकरण हुआ और संबंधित पक्षकारों को 12,20,000/- रु की राशि प्राप्त हुई। नगर परिषद के कुल 22 प्रकरणों का निराकरण हुआ और 109981/- रूपये की राशि परिषद को प्राप्त हुई और विभिन्न बैंकों के 17 प्रकरणों के निराकरण से 27,05,000/- रूपये की राशि बैंकों को प्राप्त हुई। इस प्रकार टोंक खुर्द न्यायालय की दोनो खंड पीठों में 53 और नगर परिषद के 22 और बैंकों के 17 प्रकरण साहित कुल 92 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

#### बिछड़े पति-पत्नी हुए एक

टोंक खुर्द तहसील के ग्राम आलरी की शीतल का विवाह ग्राम पिवाडाय निवासी विशाल के साथ 2024 में हुआ था। उस समय शीतल एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी और द्वितीय वर्ष की परीक्षा देना चाहती थी लेकिन विशाल इसके लिए तैयार नहीं था और शीतल को दहेज की मांग को लेकर मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर शीतल ने अपने पति के विरुद्ध टोंक खुर्द कोर्ट में घरेलू हिंसा का प्रकरण दर्ज कराया था और तभी से दोनो पति पत्नी अलग अलग रह रहे थे, लेकिन लोक अदालत में न्यायाधीश आयुषी गुप्ता और अधिवक्ता सुमेर सिंह यादव,आशीष भंडारी,सतीश पटेल की समझाईश और अथक प्रयास पर दोनो अभी गिले शिकवे भूलकर साथ रहने को राजी हो गए।न्यायालय में शीतल और विशाल ने एक दूसरे के गले में माला पहनाई और मिठाई खिलाई और दोनो खुशी खुशी अपने घर रवाना हो गए। इस प्रकार लोक अदालत के माध्यम से अलग रह रहे पति पत्नी एक हुए।

# पुलिस ने नकबजनी कर मोबाइल चुराने वाले शातिर आरोपियों को किया गिरफ्तार

#### ऑपरेशन त्रिनेत्रम बना सहायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

9 सितम्बर को थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर फरियादी सईद पिता सत्तार शेख निवासी सिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 04 सितंबर को दिन मे कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी रसुलपुर बायपास स्थित भारत आटो पाट्‌र्स दुकान मे घुस आया व मेरा मोबाईल चोरी कर ले गया है। फरियादी कि रिपोर्ट पर से थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर अप.क्र. 833/2025 धारा 331(3),305(ए) बी.एन.एस. 2023 का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण कि गंभीरता को देखते हुए नकबजनी करने वाले अज्ञात आरोपियो की गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया को निर्देशित कर टीम का गठन किया गया था।

थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरी. शशिकांत चौरसिया स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे व निरीक्षण किया गया एवं पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल तथा उसके आसपास आपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे करीबन 50 से अधिक कैमरे को खंगाला गया जिसमे एक व्यक्ति के स्पष्ट फुटेज प्राप्त हुये। प्राप्त हुलिये को पुलिस कम्युनिटी व्हाट्सअप ग्रुप मे प्रसारित किया गया जिससे आरोपी की पहचान सुनिश्चित हुई। रविवार को जरिए मुखबिर सूचना के आधार पर नकबजनी करने वाले राहुल पिता रमेश चौहान उम्र 23 साल निवासी शिवनगर न्यू देवास हाल मुकाम किराये से श्रीराम कालोनी ईटावा देवास को गिरफ्तार किया गया जिसने पुछताछ पर बताया कि मैने चोरी का उक्त मोबाईल अखलेश पिता दयाराम मालवीय उम्र 35 साल निवासी चौबाराधीरा जिला देवास हाल मुकाम उत्कृष्ठ छात्रावासा मीठा तालाब देवास को बेचा है जो चोरी का मोबाईल खरीदने पर उक्त आरोपी को भी गिरफ्तार कर चोरी गया विवो कम्पन्नी का मोबाईल कीमती करीबन 20,000 रुपये का जप्त किया गया। आरोपी राहुल चौहान ने पुछताछ के दौरान शुक्रवार को गोमतीनगर श्री हरी गार्डन के पीछे झोपड़ी मे से भी 02 मोबाईल चुराना स्वीकार किया जो थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास के अप.क्र. 841/2025 धारा 331(3),305(ए) बी.एन.एस. 2023 मे आरोपी राहुल चौहान के कब्जे से एक विवो कम्पन्नी का व एक रियलमी कम्पन्नी का मोबाईल कीमती करीबन 30,000 रुपये को जप्त किया गया है। आरोपीगण को न्यायालय पेश किया जा रहा है।आरोपीगण के कब्जे से चोरी के कुल 03 मोबाईल कीमती करीबन 50,000 रुपये के जप्त किये गये है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकान्त चौरसिया,प्रआर विनोद कुमार, आर अजय जाट, सै ज्ञानेन्द्र द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही।

### सुनिल पुरोहित बने सह संयोजक



**चापडा।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चापडा निवासी सुनील पुरोहित को भाजपा संगठन जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव द्वारा वरिष्ठ पदाधिकारियो के निर्देशन में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म टोली का सह संयोजक बनाया गया। सुनील पुरोहित नियुक्ति के एक घंटे बाद ही प्रदेश की वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। बैठक का मार्ग दर्शन राष्ट्रीय महासचिव नेता अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सांसद बंशीलाल गुर्जर आदि ने किया।पुरोहित को सह संयोजक बनने पर जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री राजेश यादव, किशोर यादव, कांतिलाल पाटीदार, ईश्वर प्रजापत ने शुभकामनाए दी।

### महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल ने किया बस स्टैंड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए माता टेकरी पर दर्शनार्थ शहर से बाहर के एवं स्थानिय यात्रियों की सुविधाओं हेतु विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल द्वारा वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नितीन आहूजा के साथ मुख्य बस स्टेण्ड की साफ, सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था के संबंध मे निरीक्षण किया गया। नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र माता टेकरी पर दर्शनाथ हेतु बाहर से आने वाले यात्रियों की संख्या मे बढोतरी होती है। इस हेतु सभी आवश्यक सुविधाए समय पर उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देते हुए बस स्टेण्ड की दोनों भवनों मे लाईट, पंखे की पर्याप्त व्यवस्था, पुरानी बिल्डींग मे आवश्यकतानुसार टाईल्स बदलने, रंगाई, पुताई करने, वॉटर कुलर की व्यवस्था करने हेतु निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को कहा गया। यात्री प्रतिक्षालय के उपर आसपास प्रकाश व्यवस्था बनी रहे इस हेतु हेलोजन लगाने हेतु भी अधिकारियों को कहा गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक हेमन्त उबनारे, उपयंत्री राजेश कौशल, श्याम सुन्दर आदि उपस्थित रहे।

# चेक बाउंस मामले में आपसी सहमति से हुआ राजीनामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी किरण सिंह के यहां चार साल पुराने चेक बाउंस प्रकरण में परिवादी डी.शाह और अभियुक्त राहुल खींची के बीच आपसी सहमति से राजीनामा हुआ।

प्रकरण का राजीनामा अभियुक्त के वकील रणजीत सिंह हाड़ा और परिवादी के वकील प्रवीण सिंह गहलोत द्वारा दोनों पक्षकारों को आपस में सुलह समझाईश देकर राजीनामा कराया। न्यायालय द्वारा पक्षकार को पौधा देकर आगे से किसी भी प्रकरण से दूर रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर खालीदा खान, गिरजा, शादाब खान, आकाश चौहान एवं अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

# अवैध कटाई और पौधों के नुकसान के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



बागली रेंज के बीट पलासी के कक्ष क्रमांक 750 में हाल ही में हुई अवैध कटाई और पौधों के नुकसानी के मामले में बागली वन स्टाफ ने बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना के आधार पर रविवार को आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया है कि उसने द्वेष भावना से पौधे उखाड़े नष्ट किए और सागवान पेड़ों की अवैध कटाई की। इसके अलावा उसने फेंसिंग भी चोरी की थी। आरोपी गुमान सिंह निवासी बजरंग गढ़ को बागली न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे सबजेल बागली भेज दिया गया है। बागली वन स्टाफ ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है और वन संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा किया है। बागली वन स्टाफ ने बताया है कि शेष आरोपियों की भी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बागली रेंजर गजानंद बिरला ने बताया कि वनों को नुकसान पहुंचाने वालो को किसी भी आरोपी को नहीं छोड़ा जाएगा।

# पुलिस ने की कांबिंग गश्त कर 275 से ज्यादा बदमाशों की चेकिंग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने बड़े पैमाने पर रात्रि कॉम्बिंग अभियान चलाया। यह अभियान 13-14 सितंबर की रात को पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के नेतृत्व में किया गया। जिले के सभी 21 थानों की पुलिस टीमों ने इसमें भाग लिया। रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक चले इस अभियान में 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर भदौरिया ने जिला कंट्रोल रूम से पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अभियान के दौरान पुलिस ने 57 स्थाई वारंट और 78 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। इसके अलावा 12 आबकारी मामले और 8 जुआ-सट्टा के मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने 15 जिला बदर अपराधियों की जांच की और 97 निगरानी बदमाश तथा 166 गुंडा बदमाशों की भी चेकिंग की। एसपी गहलोत ने खुद रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और नाकाबंदी पॉइंट्स का निरीक्षण किया। डायल-112 वाहनों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई।पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने बताया कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी आपराधिक घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

आगामी कार्यक्रमों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यशाला आयोजित

# 17 सितंबर से शुरू होगा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान,पल्स पोलियों अभियान तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमंत पटेल द्वारा बताया गया कि महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हमारे परिवारों, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति पर आधार है। इसके परिप्रेक्ष्य में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है अभियान अंतर्ग प्रदेश के समस्त जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया जाकर महिलाओं व किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार प्रबंधन किया जाएगा। अभियान अंतर्गत समस्त किशोरियो व महिलाओं की एनीमिया,उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, कैंसर तथा टी.बी. की स्क्रीनिंग की जाएगी तथा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का उपचार प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा । अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर 2025 को जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड एवं समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों स्तर पर होगा । तत्पश्चात 17 सितंबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक कार्ययोजना बनाकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सा अधिकारी एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा समस्त किशोरियों व महिलाओं की स्क्रीनिंग की जाएगी । उक्त प्रशिक्षण बागली सहित हाटपिपलिया, आमलाताज, कमलापुर, पुंजापुरा, उदयनगर एवं पोलाखाल सेंक्टर पर आयोजित किया जाकर समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है । इस अवसर पर बागली में संस्था के चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सोलंकी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रतनसिंह जामले, ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाईजर यतीन्द्र बैरागी, बागली सुपरवाईजर नंदकिशोर मोहवाल, चापडा सुपरवाईजर शहजॉद खॉन सहित विकासखण्ड के समस्त चिकित्सा अधिकारी, सुपरवाईजर, सी.एच.ओ. , ए.एन.एम. , एम.पी.डब्ल्यू. , आशा सुपरवाईजर, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# करणी सेना परिवार की मंडल स्तरीय बैठक हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

भौरासा क्षेत्र के ग्राम खुर्दपिपलिया में करणी सेना की मंडल स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शिवपाल सिंह राठौर, बाबूलाल सिंह पटेल, गजराज सिंह, जीवन सिंह, अजय सिंह परिहार, भारत सिंह, हुकम सिंह, भोजराज सिंह, भगत सिंह खटांबा, मलखान सिंह देवड़ा, धन सिंह लोहाना एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवपाल सिंह बिसाखेडी ने की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में नई कार्यकारिणी महाराणा प्रताप मंडल का गठन किया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष के पद पर कृपाल सिंह बैंस खुर्दपितलिया, मंडल महामंत्री राकेश सिंह बैंस सचिव, संयोजक राजपाल सिंह बैंस,उपाध्यक्ष आनंद सिंह राजपूत बोलासा, उपाध्यक्ष राजवीर सिंह खोखरिया, उपाध्यक्ष मानसिंह पंवार जलोदिया, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह जंगीपुर, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह छोटी चुरलाय, उपाध्यक्ष रवि बैंस बड़ी चुरलाई, उपाध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत खोखरिया, उपाध्यक्ष प्रदीप गोड बोलासा, उपाध्यक्ष पीयूष राजपूत, उपाध्यक्ष संदीप सिंह मिलेडीया,मंत्री सोनू बोलासा, मंत्री बलवीर सिंह राजपूत, मंत्री अभिमन्यु राजपूत, मंत्री संतोष सिंह राजपूत,वही ग्राम अध्यक्ष के पद पर सुमित राजपूत एव बबलू बोलासा को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम संयोजक राकेश सिंह राजपूत रहे एवं कार्यक्रम का आभार कृपाल सिंह राजपाल सिंह माना।

## खबर संक्षेप

### बहू ने सिर पर कर दिया पत्थर से प्रहार

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर में रहने वाली लक्ष्मी पत्नी नत्थू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 12 सितम्बर को शाम करीब 7 बजे उसकी बहू ज्योति पत्नी अरविन्द अहिरवार अपनी पुत्री को बिना कारण मारपीट कर रही थी। उसने बहू को मना किया तो बहू ने उसे गालियां देते हुये पत्थर से सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। आरोप है कि बहू ने उसे जान से मारने की कोशिश की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पिकअप से महिला घायल, मामला दर्ज

**ललितपुर।** बीती आठ सितम्बर को उसके माता-पिता उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल जा रहे थे। नई तहसील के पास उसके पिता अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एम 4419 से पहुंचे ही थे कि तभी अंधी रफ्तार से भाग रही पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम गदौरा में रहने वाले जितेन्द्र पुत्र रामकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ सितम्बर को सुबह करीब 11 बजे हुयी इस घटना में उसकी मां को सिर, चेहरे और शरीर में काफी चोटें आयीं, जिस कारण उन्हें जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां से उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज और फिर ग्वालियर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

### तेलंगाना एक्सप्रेस में छात्रा से छेड़छाड़

**ललितपुर।** तेलंगाना एक्सप्रेस में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर ट्रेन में ही यात्रा कर रहे युवक पर गलत नीयत से छूने और छेड़छाड़ करने जैसे गंभीर आरोप लगाये हैं। हरियाणा राज्य के सिरसा में रहने वाली 22 वर्षीय छात्रा ने जीआरपी ललितपुर को तहरीर दी है। बताया कि वह बीती 10 जुलाई 2025 को ट्रेन संख्या 125075 तेलंगाना एक्सप्रेस में थी। वह नई दिल्ली से काजीपेट के लिए यात्रा कर रही थी। छात्रा के अनुसार रात करीब 11.30 बजे यात्रा के दौरान भोपाल जंक्शन के पहले एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और उसे शारीरिक रूप से परेशान करने का प्रयास करने लगा। छात्रा ने जब उसे पीछे धकेल दिया तो उक्त युवक ने फिर से उसे छूने की कोशिश करते हुये शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास किया। छात्रा अचानक से चिल्लायी और मदद मांगी। छात्रा ने बताया कि उसने रेलवे हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल की, जिस पर आरपीएफ पुलिस भोपाल उसकी सीट पर पहुंची, जहां उन्होंने एफआईआर के लिए उनके साथ आने को कहा। छात्रा के अनुसार आरपीएफ ने उक्त युवक का आधार कार्ड ले लिया, उक्त आधार कार्ड पर युवक का नाम हिमांचल प्रदेश अंतर्गत कांगड़ा के डोला खरियाना निवासी अजु कुमार पुत्र सुखदेव सिंह छीर दर्ज है। छात्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर काजीपेट जीआरपी थाने का सूचना स्थानान्तरित कर दी गयी

### टू लाइन सड़क न होने से वाहन चालक परेशान

**जाखलौन (ललितपुर)।** विगत कई वर्षों से धौर्रा सैपुरा मार्ग टू लाइन सड़क बनने की बाट लगाए हुऐ हैं किन्तु जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस ओर अपना ध्यानाकर्षित नही कर रहे हैं जिससे धौर्रा मार्ग पर जाने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ज्ञातव्य हो कि ललितपुर से सैपुरा तक तो टू लाइन सड़क हैं इसके बाद सैपुरा से धोर्रा तक सिंगल सड़क हैं जिस सड़क पर वाहन चालकों को सामने से अन्य वाहन आ जाने पर साइड देने में बहुत भारी परेशानी होती है क्योंकि एक तो सिंगल सड़क है ऊपर से सड़क के दोनों तरफ पटरी भी नहीं है जिसके कारण अत्याधिक परेशानी होती है। उत्तर प्रदेश सरकार में श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी जनपद ललितपुर के ग्राम धौर्रा के ही मूल निवासी हैं।

### महिला मंडल कार्यकारिणी का विस्तार, समाज उत्थान को लेकर रखे विचार

# बैठकों का उद्देश्य ब्राह्मण समाज के लिए साझा मंच बनाना, महिला समाज को सशक्त करना: पटैरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीहनुमान धारा मंदिर में ब्राह्मण महामंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष अशोक पटेरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।। सर्वप्रथम भगवान परशुरामजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके ब्राह्मण महामंडल महामंत्री परमानंद तिवारी, संगठन मंत्री महेंद्र रावत, समाजसेवी ब्रजेश चतुर्वेदी, श्यामाकांत चौबे लंबरदार, पत्रकार पवन संज्ञा ,वेद संस्कृत विद्यालय संचालक आचार्य कमलेश शास्त्री ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। श्री पटेरिया ने कहा कि बैठकों का उद्देश्य ब्राह्मण समाज के लिए एक साझा मंच बनाना और ब्राह्मण महिला समाज को सशक्त करना है।।ब्राह्मण हितों के लिए संपूर्ण ब्राह्मण समाज को एक मंच पर आना चाहिए । वहीं बैठक में महिला संगठन की मजबूती पर विचार व्यक्त किए गए । ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शक्ति पाठक ने जिले की महिला कार्यकारिणी का गठन किया। नवनियुक्त महिला मंडल जिला उपाध्यक्ष ऋतु उपाध्याय,मोनिका शर्मा,रंजना शुक्ला,पूजा तिवारी, एवं महिला महामंत्री रीना दीक्षित, कोषाध्यक्ष मधु तिवारी, सह कोषाध्यक्ष रेणु शर्मा,निधि दुबे, मीडिया प्रभारी संगीता तिवारी,बबीता तिवारी, संगठन मंत्री आकांक्षा पुरोहित,नीलम तिवारी ,सांस्कृतिक मंत्री गीतीम तिवारी,आराधना तिवारी, प्रचार मंत्री आभा हुंडेत जिला संयोजक सोनम रावत , सदस्य ऊषा बिदुआ,डोली अग्निहोत्री,आरती तिवारी उमा शर्मा को सर्वसम्मिति से नियुक्ति पत्र दिया गया। ब्राह्मण महिलाओं को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने का निर्देश दिए गए । इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं में महामंत्री परमानंद तिवारी, ब्रजेश चतुर्वेदी , पवन संज्ञा, आचार्य कमलेश शास्त्री ने ब्राह्मण समाज के उत्थान पर अपने अपने विचार रखे । ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शक्ति पाठक ने कहा महिलाओं का समाज में सम्मान सर्वप्रथम रहेगा। सामाजिक संगठन में पद महत्वपूर्ण नहीं होता, एक जिम्मेदारी के रूप में काम करना पड़ता है। समाज की सभी महिलाओं को संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढकऱ हिस्सा लेना चाहिए। जिससे संगठन मजबूत होना आवश्यक है।संगठन की गतिविधियों में जरूरी सुधार करके महिला सुरक्षा, सनातन बाल संस्कार को लेकर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर ब्राह्मण महिला समाज से संगीता तिवारी, नीलम तिवारी,ममता तिवारी पूर्व पार्षद, राधिका, मोनिका शर्मा, गरिमा तिवारी, ऋतु रिछारिया, रंजना, मधु तिवारी सहित ब्राह्मण विप्र समाज से ब्रजमोहन शर्मा,मदनमोहन शर्मा,रमाकांत तिवारी ,ब्रजेश बबेले,अमित तिवारी,शिक्षक अनिल त्रिपाठी,संजय पाठक, मनीष तिवारी,पत्रकारअरविंद संज्ञा, रजत गिरी गोस्वामी,प्रमोद बबेले, वेद प्रकाश लिटोरिया,प्रदीप त्रिपाठी ,राज पाठक, इ अंकित पटेरिया,राममूर्ति तिवारी आदि उपस्थित रहे। बैठक में महामंत्री परमानंद तिवारी एवं संगठन मंत्री महेंद्र रावत ने समस्त विप्रजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन संज्ञा ने किया।

### अखंड ब्राह्मण महासभा का सम्मान समारोह संपन्न

ललितपुर । श्री तुवन सरकार प्रांगण मे एक दिवसीय बैठक का आयोजन हुआ । जिसमे सर्व प्रथम भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण किया । तत्पश्चात सभी विप्र बंधुओ को तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया! बैठक मे पंडित मंजुल पुरोहित जी की सहमति से एवं जिला अध्यक्ष ललितपुर पं सुरेंद्र तिवारी जिलाध्यक्ष सौरभ कौशिक जिला कोषाध्यक्ष, पं सौरभ कौशिक, नगर अध्यक्ष पं हरेन्द्र रिछारिया को मीडिया प्रभारी, महिला संगठन से रितु शर्मा को जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर महरोनी ब्लॉक अध्यक्ष पं राजीव शुक्ला जी एवं समस्त ब्लॉक समिति का गठन किया गया, जिला कमेटी ने जिलाध्यक्ष का सम्मान किया गया मण्डल प्रभारी पं सुनील पुरोहित ने कहा कि यह मनोनयन ललितपुर जिले में अखण्ड ब्राह्मण महासभा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिले में ब्राह्मण समाज के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए विभिन्न गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर जिला, नगर, ब्लॉक स्तर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें!

### भागने की कोशिश कर रहा था

# मजदूर की हत्या के आरोपी को दबोचा, मुठभेड़ में घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विगत दिनों हुयी मजदूर हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को ललितपुर पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू सेन पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश कर रहा था। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घटना शनिवार रात की है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश पर कोतवाली सदर पुलिस और स्वाट टीम गश्त कर रही थी। रात करीब 3 बजे हवाई पट्टी के पास टीम को सूचना मिली कि आरोपी स्कूटी से भागने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी की तो उसने तमंचे से फायर कर दिया। दरअसल घटना बीती 3 सितंबर की है। नेहरू नगर बी केबिन निवासी 30 वर्षीय अनिल रायकवार सुबह 8 बजे मजदूरी के लिए घर से निकला था। वह वापस नहीं लौटा। अगले दिन परिजनों ने उसे फोन लगाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस चौकी इंचार्ज अंकित कौशिक ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन की। अगले दिन 4 सितंबर की शाम को पीताम्बरा ग्रेनाइट खदान के पास बुढ़वार मार्ग पर अनिल का शव मिला। उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। एसपी ने हत्या का खुलासा करने के लिए स्वाट टीम समेत चार टीमें लगाई थीं। आरोपी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### कलेक्टर के संबंधित अधिकारियों को निर्देश

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल रूप से चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराये और दुर्घटना में अगर व्यक्ति मृत हो जाता है तो उनके परिजनों का तत्काल रूप से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने सभी एसडीएम एवं एसडीओ पुलिस तथा तहसीलदार और थाना प्रभारियों को इस आशय के निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने कहा है कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल निकटतम चिकित्सा सेवा केन्द्र में चिकितसा सहायता उपलब्ध कराये ताकि व्यक्ति को बचाया जा सकें। दुर्घटना में अगर व्यक्ति मृत हो जाता है तो मानवीय आधार पर उनके परिजनों को शासन की और से तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाये। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. एसडीएम, तहसीलदार एवं पुलिस निर्देश दिये।

### मसौराखुर्द में हुई घटना, टीजी-2 की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर

# राजस्व वसूली करने गई विद्युत विभाग की टीम पर फावड़े से किया गया हमला

**ललितपुर।** राजस्व वसूली करने गयी विद्युत विभाग की टीम पर फाबड़े से जानलेवा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर विद्युत विभाग कर्मचारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। विद्युत उपकेन्द्र 33/11 केबी बाईपास पर तैनात टी.जी.-2 रविप्रकाश शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विभागीय आलाधिकारियों के आदेश पर वह शनिवार को राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत ग्राम मसौराखुर्द गये हुये थे। उपकेन्द्र से पोषित 11 निवाई फीडर के अंतर्गत ग्राम मसौराखुर्द में वह संविदा कर्मी धर्मेंद्र व रामकुमार के साथ पहुंचे। गांव में दिनेश की चक्की के पास जब टीम पहुंची और वहां रहने वाली रविया बानो पत्नी रशीद से घर के विद्युत संयोजन का बकाया जमा करने की बात कही, तो उपभोक्ता ने बकाया बिल जमा करने से मना कर दिया। बकाया जमा न करने की दशा में जब लाइनमैन धर्मेंद्र विद्युत पोल पर संयोजन काटने के लिए चढ़े तो उसी दौरान निशाद पुत्र रशीद फाबड़ा लेकर अपनी छत से गालियां देते हुये धर्मेंद्र को मारने के लिए दौड़े और न तो बकाया जमा किया और न ही संयोजन काटने दिया। मौके पर वह अपने संविदा कर्मियों के साथ किसी प्रकार जान बचाकर भागे। टी.जी.-2 ने बताया कि निशाद पुत्र रशीद ने राजस्व वसूली, सरकारी कार्य में बाधा डाली और सरकारी कार्य में तैनात संविदा कर्मियों के साथ गालियां देते हुये मारने का प्रयास किया गया। टी.जी.-2 रविप्रकाश शर्मा की तहरीर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### आयोजन रेलवे स्टेशन पर किया गया

# रेल कर्मियों के बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए रविवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे स्टेशन पर किया गया। इस दौरान बच्चों ने विषयांतर्गत निबंध का लेखन किया। निबंध लेखन के साथ बच्चों के बौद्धिक विकास की भी परख की गयी। मौके पर मौजूद स्टेशन मास्टर डी.के.चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और ऐसी सम-सामायिक प्रतियोगिताएं आवश्यक है, जिससे बच्चों का सर्वागींण विकास होता है। बच्चों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने के लिए खेल और जीवन में आगे बढऩे के लिए शिक्षा का काफी महत्व है। बताया गया कि उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन मंडल झांसी द्वारा ललितपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए रविवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और निबंध लेखन किया। मौके पर प्रतिभागी बच्चों के तीन ग्रुप उपस्थित रहे। सभी बच्चों ने संबंधित विषयों पर निबंध लेखन किया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों के अभिभावक स्टेशन मास्टर डी.के.चतुर्वेदी, कमर्शियल इंस्पेक्टर संजय चौबे, सर्वेस दीक्षित, नितिन शर्मा, नवेंदु अग्निहोत्री, जगदीश प्रसाद, सचिन यादव आदि रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन के उपरांत उपस्थित बच्चों को जलपान व उपहार देकर प्रोत्साहित किया।

### आश्रम में पहुंच कर वृद्धाजनों को मिष्ठान व वस्त्र वितरण किया

# पुण्यतिथि पर पं.आत्माराम व कमलादेवी को याद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले के समाजसेवी रहे कीर्तिशेष पं.श्रीआत्माराम गोस्वामी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व.श्रीमती कमलादेवी गोस्वामी की पुण्यतिथि पर रविवार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा की गयी। परिजनों में एम.ए.सी.टी. न्यायालय के जिला न्यायाधीश के पी.ए. पं.विनोद गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गोस्वामी ने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों में महिलाओं को साड़ी और पुरुषों को शॉल का वितरण किया। इसके अलावा मिष्ठान वितरण भी किया गया। वस्त्र पाकर वृद्धाजनों के चेहरे पर खुशी स्पष्ट झलक रही थी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जिले में तत्समय के उद्योगपतियों और व्यापारियों का पूरा हिसाब-किताब रखते हुये समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहे पं.आत्माराम गोस्वामी ने कई अच्छे कार्य किये, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसके अलावा उनकी धर्मपत्नी रहीं श्रीमती कमलादेवी ने एक कुशल ग्रहणी बनकर हर कदम पर उनका साथ दिया। वस्त्र व मिष्ठान वितरण के दौरान विनोद गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गोस्वामी, आशीष गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार रवीन्द्र दिवाकर, अभिषेक गोस्वामी, अन्नपूर्णा गोस्वामी, प्रशान्त गोस्वामी, नम्रता गोस्वामी, दीपक राठौर, जितेंद्र राठौर पार्षद, मोनू रैकवार, अमित पंथ, अभिषेक राठौर, शुभम देवलिया, त्रिदेव दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### यूटा टीम ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# सर्वोच्च न्यायालय से आरटीई में संशोधन पर पुर्नविचार का आह्वान




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

संशोधित अधिनियम पारित करने तथा सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की मांग को लेकर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) जिलाध्यक्ष अनिल राठौर के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने राज्यमंत्री मनोहर लाल के जरिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में आर.टी.ई के संशोधन अधिनियम 2017 में 31 मार्च 2015 को नियुक्त या कार्यरत सभी शिक्षक जिनके पास आर.टी.ई एक्ट की धारा 23 (1) के अनुसार न्यूनतम अहार्यता नहीं है को 4 वर्ष के अंदर योग्यता प्राप्त कर लेने हेतु निर्देशित किया गया। जबकि आरटीई एक्ट की धारा 23 (1)के अनुसार 23 अगस्त 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की आवश्यकता नहीं है। उपरोक्त के परिपेक्ष में यह स्पष्ट है कि 23 अगस्त 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा गया है। जबकि उच्चतम न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के आदेश में समस्त शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण किए जाने के आदेश दिए गए हैं तथा दो वर्ष में टीईटी उत्तीर्ण ना करने पर सेवा समाप्ति की भी बात की गई है, जो सर्वथा अनुचित है।

इससे 30 लाख से अधिक शिक्षकों एवं उनके परिवार के भविष्य पर खतरा पैदा हो रहा है और उनकी मानसिक स्थिति भी प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में कैसे वह अपना पूर्ण मनोयोग से पठन-पाठन करा पाएंगे। यूटा ने उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की मांग उठायी। इस दौरान जिला संयोजक सतीश रठानिया, जिलाध्यक्ष अनिल राठौर, महामंत्री प्रमोद तिवारी, कोषाध्यक्ष अंशु नामदेव, नवीन कुमार सिंह, संजीव गुप्ता, विजय कुमार, राजू यादव, दिनेश कुमार, मयंक श्रीवास, विनोद अहिरवार, गीता दोहरे, पुष्पेंद्र दोहरे, कल्याण सिंह, राजेंद्र कुमार, देवेन्द्र कुमार, रोहित घनघोरिया, अश्विनी झां, अमित श्रीवास्तव, सुशांत सिंह, उर्मिला राठौर, गीता साहू, अर्चना गोस्वामी, कल्पना गुप्ता, पूनमसिंह, प्रमोद कुमारी, चित्रा तिवारी, अर्चना जायसवाल, गरिमा कुशवाहा, प्रीति श्रीवास्तव, रेनू राठौर, श्वेता मलैया, मन्जू राठौर, प्रियंका वर्मा, प्रीति तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, कंचनप्रभा, प्रतिभा राठौर, कीर्ति चौरसिया, जितेन्द्र प्रजापति, पुष्पेंद्र बुंदेला, अमित गुप्ता, पीयूष, दीपांकर, भीम कुमार, संजीव लोहिया, धर्मेन्द्र जैन, विवेक तिवारी, वेदप्रकाश, मयंक श्रीवास्तव, अंकित कुशवाहा, श्रीराम, विक्रम सिंह, ज्ञानसिंह, अतुल मिश्रा, गिरिधारी, दानिश अंसारी, अभिषेक, कल्याण सिंह, डालचन्द्र, अरुन राठौर, हर्ष कौशिक, सुनील कुमार, रामकुमार, संजय गौतम, पूर्णेन्द्र सिंह, नितिल कुमार, संदीप कुमार, अखिलेश साहू, विवेक जायसवाल, प्रवीण कुमार, प्रदीप श्रीवास, शुभम रजक आदि मौजूद रहे।

# ज्ञान, कौशल और नवाचार का संगम: श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय में अटल एफडीपी कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर की स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट इकाई में 8 से 13 सितंबर तक आयोजित छह दिवसीय अटल प्रोग्राम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्रामका भव्य समापन कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के सशक्त मार्गदर्शन में हुआ। यह उल्लेखनीय है कि यह आयोजन एआईसीटीई, नई दिल्ली की अटल एफडीपी योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ तथा मध्यप्रदेश में केवल श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर की स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट इकाई का चयन इस कार्यक्रम के लिए किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में ज्ञान, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता का जीवंत मंच सिद्ध हुआ। प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों ने होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म सेक्टर की आधुनिक तकनीकों और वैश्विक परिप्रेक्ष्य से जुड़ी जानकारी का गहन अध्ययन किया। इस पहल ने न केवल शिक्षकों की गुणवत्ता और क्षमता संवर्धन की दिशा में सार्थक योगदान दिया, बल्कि शैक्षणिक जगत को नई सोच और दृष्टि भी प्रदान की।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस एक ऑनलाइन क्विज़ टेस्ट भी आयोजित किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता में होटल मैनेजमेंट के समन्वयक डॉ. शाहब अहमद, सह-समन्वयक देवेंद्र प्रताप और रिसर्च एंड डेवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. मोहित गंगवार की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। गरिमामयी उपस्थिति से कुल सचिव डॉ. हेमंत शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर, विभिन्न विभागों के प्राचार्य, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन देश दीपक ने किया, जबकि आभार ज्ञापन देवेंद्र प्रताप द्वारा व्यक्त किया गया।

निर्माण एजेंसी एलएण्डटी कंपनी को काम में तेजी लाने सहित दिए अन्य निर्देश

# जल निगम के कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जाहिर की नाराजगी

## 2023 में पूर्ण होने वाली परियोजना 2025 तक भी अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

हर घर नल से जल पहुंचाने जल निगम एवं पीएचई विभाग की जल जीवन मिशन योजना के तहत कुंडालिया परियोजना से जुड़े कार्यों की कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान उन्होंने पाया कि कुंडालिया डैम से संबद्ध सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में कार्य बेहद धीमी गति से चल रहे हैं। उक्त कार्यों को निर्माण एजेंसी एलएण्डटी कंपनी द्वारा सुस्त गति से किया जा रहा है जिसके चलते परियोजना अपने तय समय से दो वर्ष बाद भी पूर्ण नहीं हो सकी है। इसी के चलते कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए योजना की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश प्रदान किए।

### कुंडालिया से जुड़े आधे गांवों तक भी नहीं पहुंचा पानी



उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के तहत कुंडालिया परियोजना से जुड़े 534 गांवों में से फिलहाल 230 गांवों में सप्लाई सुचारू है। इस तरह देखा जाए तो आधे से अधिक गांवों के घरों में तय समय सीमा में पानी नहीं पहुंच पाया है। जिन गांवों में सप्लाई सुचारू है वहां से भी कभी-कभार पानी न मिलने सहित अन्य शिकायतें मिलती रहती हैं।

### कार्य क्षेत्र से ही उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने एसक्यूसी एंड टीपीआईए स्टॉफ को सार्थक ऐप पर अपने कार्यक्षेत्र से ही उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही परियोजना में प्रचार-प्रसार का कार्य कर करने वाली आईएसए के भुगतान की भी जानकारी 7 दिवस में प्रस्तुत करने के तत्ख निर्देश जल निगम के अधिकारियों को प्रदान किए गए। गांवों में चल रहे पाइप लाइन बिछाने से लेकर कमीशनिंग के कार्य में गति लाने हेतु अतिरिक्त टीमें बढ़ाने के निर्देश भी जिलाधीश ने प्रदान किए। इसके साथ ही शेष कार्यों की कार्ययोजना 7 दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

आकांक्षी ब्लॉक जीरापुर के समस्त 216 गावों में आगामी 2 माह में शत-प्रतिशत कवरेज कर प्रत्येक गांव में पेयजल को नियमित करने के निर्देश दिए गए। विभाग में पेंडिंग सीएम हेल्पलाइन की समस्त शिकायतों को भी इस माह में बंद करने के निर्देश जारी किए। बैठक के अवसर पर जिल निगम के महाप्रबंधक एस.के. जैन, उप प्रबंधक सचिन दांगी, टीम लीडर एवं इंजीनियर योंगेंद्र सिंह तोमर सहित एलएण्डटी कंपनी का स्टाफ उपस्थित था।

### दो साल पीछे चल रही परियोजना

आपको बतादें कि जल निगम से जुड़ी पांच परियोजनाओं में मोहनपुरा, कुंडालिया, गोरखपुरा, बांकपुरा, पहाड़गढ़ में से कुंडालिया परियोजना के कार्य ही बेहद धीमी गति से चल रहे हैं। अन्य परियोजनाओं के कार्य लगभग-लगभग पूर्ण हो चुके हैं। कुंडालिया के कार्यों की प्रगति धीमी होने के चलते जिस परियोजना को साल 2023 में पूर्ण हो जाना था उस पर दो साल बाद 2025 तक कार्य प्रगतिरत है।

वार्ड-8 स्थित संकट मोचन मंदिर पहुंच मार्ग का मामला

# संघ प्रमुख के आगमन पर रातों रात बनी सड़क अब हुई बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कुछ वर्षों पूर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक द्वारा राजगढ़ नगर के वार्ड-8 स्थित संकट मोचन बड़ली क्षेत्र में 3 दिवसीय शिविर का आयोजन करवाया गया था। इस शिविर में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का आगमन भी हुआ था। ऐसे में प्रशासन द्वारा रातों-रात हाईवे के बाईपास से लेकर संकट मोचन मंदिर तक डामरीकृत सड़क का निर्माण करवाया गया था।

परन्तु, वर्तमान में उक्त सड़क की हालत इतनी अधिक जर्जर और खराब हो चुकी है कि कार चालकों सहित दो पहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। बाईपास से संकट मोचन मंदिर तक कहीं सड़क का डामर पूरी तरह उखड़ चुका है तो कहीं गिट्टी, कीचड़ आदि से सड़क सनी हुई है।

### कई कर्मचारी सहित श्रद्धालु भी परेशान

उक्त सड़क से आईटीआई कॉलेज, सांदीपनी विद्यालय(सीएम राईज), नापतोल दफ्तर सहित अन्य विभागों भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में न केवल मंदिर जाने वाले श्रृद्धालुओं बल्कि उक्त कार्यालयों के कर्मचारियों को भी बदहाल सड़क के कारण प्रतिदिन खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उबड़-खाबड़ सड़क पर जब सीएम राईज स्कूल की बसें चलती हैं तब उनमें बैठे छात्र-छात्राओं को भी खासी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। ऐसे में स्थानीय रहवासियों, मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित आमजनों ने इस सड़क का पुर्निनिर्माण करवाने की मांग संबंधित विभाग से की है।

### संपूर्ण राजगढ़ नगर में आज 4 घंटे गुल रहेगी बिजली

**राजगढ़।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार 14 सितंबर को ग्रिड एवं फीडरों के मेंटेनेंस कार्य किए जाने हैं। इसके चलते संपूर्ण राजगढ़ शहर में 4 घंटे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। विभाग के जूनियर इंजीनियर शिवांश त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को उपकेंद्र एवं 11 केवी लाइनों सहित अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य विभाग द्वारा करवाए जाएंगे। इसके चलते दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक पूरे राजगढ़ नगर में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

जिला अस्पताल की पीआईसीयू यूनिट में किया गया था भर्ती

# विशेष उपचार उपरान्त स्वस्थ होकर घर लौटा अति-कुपोषित बालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिला अस्पताल में लापरवाहियों के मामले तो अक्सर सामने आते रहते हैं परन्तु यहां की कुछ विंग और यूनिटों में काफी बेहतर तरीके से मरीजों का उपचार किया जा रहा है। बेहतर कार्य का उक्त उदाहरण जिला अस्पताल की पीआईसीयू यूनिट से सामने आया है जहां 14 दिन पूर्व निमोनिया से पीड़ित एक अति कुपोषित 01 वर्षीय बच्चे को गंभीर हालत में यहां भर्ती करवाया गया था।

बच्चा श्वसन संबंधी अत्यधिक कष्ट, कमजोरी और दूध के साथ पोषण आहार न ले पाने की स्थिति में अस्पताल लाया गया था। हालत नाजुक होने के कारण उसे तुरंत शिशु गहन चिकित्सा इकाई(पीआईसूयू) में भर्ती किया गया। प्रारंभिक स्थिरीकरण के बाद ऑक्सीजन सपोर्ट और दवाइयाँ शुरू की गईं। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र के सहयोग एसएएम प्रोटोकॉल के तहत बच्चे को चिकित्सीय आहार (थेरैप्यूटिक फीडिंग) दिया गया। लगातार विशेषज्ञों एवं स्टाफ की अनवरत देखरेख और सघन उपचार से बच्चे की हालत में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। 14 दिन के उपचार और देखभाल के बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य रूप से आहार लेने लगा जिसके उपरान्त उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### इनका रहा सहयोग

बच्चे के इलाज में पीआईसीयू प्रभारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदा दांगी, ज्योति यादव सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका रही। टीम की उनकी सतत निगरानी, समर्पित प्रयास और अनुभव ने मासूम को दूसरा जीवन प्रदान किया। यह सफलता चिकित्सकीय उपलब्धि के साथ ही उन परिवारों के लिए भी प्रेरणा है जो गंभीर कुपोषण और बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को लेकर निराश हो जाते हैं।

# अपनी मांगों को लेकर सेल्समैन ने शुरू की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




मध्य प्रदेश सहकारी हमारी समिति महासंघ भोपाल के बैनर तले विभिन्न मांगों के लेकर शुरू की गई सेल्समैनो की हड़ताल लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। सेल्समैनो की मांग है कि सहायक समिति प्रभारी को 60 प्रतिशत पद उन्नति की जाए। अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 महीने का 3000 प्रति महीने के हिसाब से 54000 रु की राशि मिलना थी जो केवल 18 जिलों को मिली है शेष 34 जिलों को अभी भी यह राशि का भुगतान नहीं किया गया है जिसका भुगतान तत्काल किया जावे राज्य शासन ने कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन का आदेश दिया है और कुछ जिलों में इसका भुगतान हो गया है परंतु राजगढ़ जिले में आज तक भुगतान नहीं किया गया है। सभी कर्मचारियों को बड़े हुए वेतन का भुगतान तत्काल किया जावे, प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान वन समिति स्व सहायता समूह एवं उपभोक्ता भंडार प्रत्येक दुकान को जो राशन भेजते हैं उसमें घटती होती है उसकी भरपाई के लिए 2 किलो प्रति क्विंटल पर क्षतिपूर्ति राज शासन द्वारा दी जाए। सेल्स मेन का कहना हे कि जब तक हमारी मांगों का निराकरण नहीं होगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस स्थिति में ना खाद बीज राशन सीसीसी आदि काम नहीं किए जाएंगे इसलिए शासन को हमारी मांगों पर तत्काल विचार करना चाहिये। इस दौरान जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह, जगदीश सक्सेना मनीष शर्मा, नंदकिशोर मीणा, संगठन मंत्री जगदीश गोस्वामी, विजय सिंह बरखेड़ा, रूपसिंह सोलंकी, नन्नूलाल, हरिओम दांगी, महेंद्र सिंह राजपूत, ओमप्रकाश दांगी, नारायण यादव, इंदर सिंह सोंधिया, इंदर सिंह लोधी, दलपत सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# चेतराम गुर्जर मां जालपा गौशाला समिति के अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पशु चिकित्सा विभाग ने राजगढ़ एसडीएम निधि भारद्वाज द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में मां जालपा गौशाला का संचालन कर रही वर्तमान समिति को भंग कर नवीन समिति गठित की है। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर एवं पूर्व विधायक पंडित हरिचरण तिवारी के संरक्षण में गौशाला संचालन का दायित्व गौ-सेवक चेतराम गुर्जर को सौंपते हुए उन्हें गौशाला का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही कुलदीप गुर्जर को समिति के सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति पर नगर के गौसेवकों, इष्टमित्रों सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# किसानों ने नेशनल हाईवे का काम रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर



हाईवे निर्माण के दौरान विरोध दर्ज कराते हुए किसान।

ग्यारसपुर के बरमढ़ी के नाराज किसानों ने ग्यारसपुर से राहतगढ़ और सागर की ओर बनाए जा रहे नेशनल हाईवे 146 का काम रुकवा दिया। जिन किसानों की जमीन नेशनल हाईवे में भू अर्जन के दौरान गई है उन किसानों के खातों में अभी तक मुआवजा नहीं पहुंचा है।

शुक्रवार दोपहर किसान एकत्रित हो गए और काम रुकवा दिया। बरमढ़ी के किसान अजय गुर्जर, सुनील गुर्जर, नील किशन आदिवासी, चरण सहरिया, गुड्डा गुर्जर, गुलाब अहिरवार, प्रेम नारायण गुर्जर, रामकरण सिंह गुर्जर, कैलाश आदिवासी नील किशन सहरिया ने काम रुकवाया। त्यौंदा तहसीलदार ऋतु राय ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा जिन किसानों की भू अर्जन के दौरान जमीन ली गई है उन सभी किसानों की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। खातों में राशि पहुंच जाएगी। इस संबंध में एनएचएआई के परियोजना अधिकारी सिद्धांत सिंघई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से मेरे पास काम रुकवाने की जानकारी प्राप्त हुई है। मैं निर्माण एजेंसी से बात करुंगा। क्या समस्या आ रही है दिखवाता हूं।

नेशनल कन्ज्यूमर हेल्पलाइन पर की शिकायत

# 22 पेज का बैंक स्टेंटमेंट निकालने में लगे 3186 रुपए, शिकायत की

**राजगढ़।** बैंक ऑफ इंडिया की खिलचीपुर शाखा से 22 पेज का अपना बैंक स्टेटमेंट निकलवाने के एवज में बैंक द्वारा संबंधित खाताधारक के एकाउंट से 3 हजार 186 रुपए काट लिए गए। ऐसे में संबंधित खाताधारक ने नेशनल कन्ज्यूमर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई है।

खाताधारक रामप्रसाद दांगी ने बताया कि उनका खिलचीपुर की बैंक ऑफ इंडिया में एकाउन्ट है। दांगी ने 2 वर्षों का बैंक स्टेटमेंट निकलवाने बैंक में आवेदन दिया था। दांगी ने बताया कि उन्होंने जब स्टेटमेंट के चार्ज के बारे में पूछा तब 200 रुपए बताया गया था लेकिन जब 22 पेज का स्टेटमेंट निकलवाया तो खाते से 3186 रुपए काट लिए गए। इस बारे में बैंक प्रबंधन का कहना है कि उनके द्वारा 3 हजार 200 रुपए की राशि ही खाताधारक को बताई गई थी लेकिन उनके द्वारा गलत सुन लिया गया। इस संबंध में शाखा प्रबंधक बीओआई, मुकेश गहलोत का कहना है कि संबंधित उपभोक्ता की स्टेटमेंट संबंधी जो राशि काटी गई है, वह बैंक के नियमानुसार ही काटी गई है।

चार की हालत गंभीर, भोपाल रेफर

# हैदापुरा गांव में जमीन विवाद में जमकर चले लठ फर्सी, महिलाओं व बच्चों सहित दर्जनभर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

नरसिंहगढ़ से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम हैदापुरा में शनिवार सुबह जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जबरदस्त झगड़ा हो गया। सुबह करीब छह बजे शुरू हुई कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और लाठियां-कुल्हाड़ियां चलने लगीं। दोनों ओर से हुई मारपीट में महिला और बच्चे भी इसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू किया। घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर 14 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा मारपीट सहित गम्भीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस विवाद के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### महिलाएं और बच्चे भी आए चपेट में

इस विवाद में कई लोग घायल हुए है। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। लड़ाई के दौरान दोनों पक्षो के तुलसीराम, रामस्वरूप, गोकुल, रानीबाई, प्रियंका, नर्मदीबाई, रघुराज, गोपाल, मुकेश, पर्वती, राधा घायल हो गए है वही इस संघर्ष में गंभीर घायल अमृतलाल, सुंदरलाल शिवहरे, रघुराज शिवहरे और गोपाल शिवहरे को भोपाल रेफर किया गया है।

### इनका कहना है...

हैदापुरा में हुए विवाद में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कुछ गम्भीर घायलों को भोपाल रेफर किया है। बाकी घायलों का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अभय सिंह, एसआई नरसिंहगढ़

# अस्थाई कनेक्शन लेकर ही पंडाल की सज्जा करें

**विदिशा।** बिजली कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे रामलीला, दुर्गा उत्सव, डांडिया एवं गरबा उत्सव के दौरान धार्मिक पंडालों एवं झाकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से अस्थायी कनेक्शन लेकर ही करें। कंपनी ने नवरात्रि त्यौहार (22 सितंबर) तथा गरबा पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए प्रबंध किए हैं। प्रदेश की सभी धर्म की धार्मिक उत्सव समितियों से विद्युत क्षेत्र की सभी कंपनियों ने अपील की है कि वे धार्मिक आयोजन पूरे उल्लास, तन्मयता और परंपरानुसार मनाएं साथ ही पंडाल और उसके बाहर मैदान, सड़क पर लगाई जाने वाली बिजली में कम से कम 25 प्रतिशत की बचत कर ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान दें।

69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ

# इंदौर संभाग की टीम ने जीती चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा। ट्रॉफी दिखाकर खुशी का इजहार करते हुए इंदौर टीम के खिलाड़ी।

69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुक्रवार को स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में समापन हो गया। समापन समारोह में विधायक मुकेश, स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, प्राचार्य विनय अग्रवाल माजूद रहे।

प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान इंदौर, द्वितीय भोपाल एवं तृतीय ग्वालियर ने प्राप्त किया। वहीं अंडर -14 बालिका वर्ग में ग्वालियर प्रथम, इंदौर द्वितीय और भोपाल तृतीय रहे। अंडर -17 बालक वर्ग में ग्वालियर ने प्रथम, भोपाल ने द्वितीय और रीवा ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर -17 बालिका वर्ग में भोपाल प्रथम, इंदौर द्वितीय एवं नर्मदापुरम तृतीय स्थान पर रहे। अंडर -19 बालक वर्ग में इंदौर ने प्रथम, भोपाल ने द्वितीय और उज्जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर -19 बालिका वर्ग में इंदौर ने प्रथम, ग्वालियर ने द्वितीय और उज्जैन ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी वर्गों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ओवरऑल चैंपियनशिप इंदौर संभाग ने अपने नाम की और खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीता। सभी संभागों के जनरल मैनेजरों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में योगदान देने वाले सभी अंपायरों एवं रेफरियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डीसीपी आरपी लखेर ने व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के आयोजन में संयोजक के. सिंह, पीटीआई राजेंद्र यादव, अंबेश सोनी, अनिल सोनी, सर्वेश व्यास, कृपाशंकर पंथी, मुकेश शर्मा, कुलदीप भारती, सुरेश साहू एवं विनोद अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन समारोह में खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेलप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# दिव्यांगजनों को मिला सहारा, 74 को वितरित किए सहायता उपकरण



दिव्यांगों से चर्चा करते हुए सागर सांसद लता वानखेड़े

**कुरवाई।** शुक्रवार को आजीविका भवन में दिव्यांगजन के लिए शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े, विधायक हरिसिंह सप्रे मौजूद रहे। कार्यक्रम में 74 पात्र दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटे गए। जिनमें इलेक्ट्रिक साइकिल, साधारण साइकिल, कृत्रिम हाथ-पैर, बैसाखियां, ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र सहित अन्य आवश्यक उपकरण शामिल रहे। सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं, उनके सहयोग और सशक्तिकरण के लिए सरकार हमेशा तत्पर है। विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि दिव्यांग भाइयों-बहनों की सहायता करना सरकार की प्राथमिकता है। उपकरण वितरण जैसी पहल उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।